नीलाम पत्रोंके निष्पादन में अब नहीं होगी लेटलतीफी

डिजिटल तकनीक से होगा निष्पादन

गया। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंतर्गत राजस्व परिषद्, पटनाके निर्देशानुसार मगध प्रमंडल में नीलाम पत्र न्यायालयों की कार्यप्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रमंडलीय सभागार, गया में पीडीआर साफ्टवेयर के संचालन पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुक्त के सचिव सुशील कुमार ने की।

इस प्रशिक्षण शिविर में गया, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और नवादा जिलों से आए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने हिस्सा लिया। मास्टर ट्रेनर्स ने प्रतिभागियों को साफ्टवेयर की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। इसके तहत वादों के ऑनलाइन पंजीकरण, निष्पादन, अद्यतन स्थिति की ट्रेकिंग, डिजिटल अभिलेख संधारण और कोर्ट कार्यों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि इस आधुनिक साफ्टवेयर के पूर्ण इस्तेमाल से नीलाम पत्रोंके निष्पादन में होने वाली अनावश्यक लेटलतीफी पर अंकुश लगेगा। कागजी कार्रवाई की जटिलताओं से मुक्ति मिलने के साथ ही प्रशासनिक जवाबदेही और कार्यसंस्कृति में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

प्रशासन का मानना है कि ई-गवर्नेंस की दिशा में यह एक दूरगामी कदम है। इससे न केवल विभागीय पत्रवलियों के रख-रखाव में सुगमता आएगी, बल्कि आम जनता को भी न्याय प्रक्रियासे जुड़ी सेवाएं अधिक सरल और पारदर्शी

जिले में 15 नवंबर से शुरू होगी धान अधिप्राप्ति, डीएम ने दिए कड़े निर्देश

धान ढुलाई वाले वाहन में जीपीएस लगाना अनिवार्य

गयाजी। जिले में आगामी 15 नवंबर 2026 से शुरू होने वाले धान अधिप्राप्ति अभियान को पारदर्शी, सुचारू और



प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कान्फ्रेंसिंगके माध्यम से हुई इस बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी और प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी शामिल हुए।

जिलाधिकारीने स्पष्ट निर्देश दिया कि धान खरीद प्रक्रिया पूरी तरह किसान- हितैषी होनी चाहिए, जिसमें छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने पैक्स और राइस मिलों के बीच टैगिंग की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने तथा सभी पैक्स गोदामों का अनिवार्य रूप से भौतिक वेरिफिकेशन सत्यापन कराने को कहा।

अब तक 2209 किसानों का निबंधन हो चुका है। शेष किसानों का पंजीकरण तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला खाद्य पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि किसान सलाहकारों के माध्यम से हर गांव में 'किसान चौपालश्आयोजित कर किसानों को जागरूक किया जाए।

सभी गोदामों में सीसीटीवी कैमरे लगाना और समीप ही धर्मकांटा (वेइब्रिज) की व्यवस्था करना अनिवार्य किया गया है। माप-तौल विभाग द्वारा धर्मकांटों की जांच कराई जाएगी। धान ढोने वाले सभी वाहनों में जीपीएस लगाना अनिवार्य होगा। सभी एसडीओ को अपने क्षेत्रके बीसीएओ के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर कार्यों की निरंतर निगरानी करनेको कहा गया है। जिलाधिकारीने सभी संबंधित अधिकारियोंको आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय-सीमाके भीतर सभी तैयारियां पूरी करने और 15 नवंबर से सुचारू रूप से धान क्रय कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखण्ड अध्यक्षों को मनोनयन पत्र सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर मिलेगी

गया। प्रकोष्ठके जिला अध्यक्ष विनोद कुमारने बताया कि जनता दल यू के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा की मौजूदगीमें प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा प्रखण्ड अध्यक्षको मनोनयन पत्र दिया जायेगा। श्री कुमारने बताया कि 31 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे से लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेलके जयंती के अवसर पर जिला जनता दल यू कार्यालयमें मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम होगा। श्री कुमार ने बताया कि 20 साल बेमिसाल नीतीश सरकारके विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण हाट- बाजारों में प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शकों को बताने में प्रखण्ड अध्यक्ष अहम भूमिका निभायेंगे। प्रदर्शनी कार्यक्रम शीघ्र शुरूकी जाएगी। श्री कुमारने कहा कि प्रदर्शनीके द्वारा संवाद होगा। दर्शकोंसे संबध बनेगा। श्री कुमारने बताया कि गया जिलेके सभी प्रखण्डमें अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदर्शनी लगानेमें सभी प्रखण्ड अध्यक्ष स्थान चयन खुद करेंगे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
(E-mail:- shlcdaurangabad@gmail.com)

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1178 दिनांक 14.10.2026 द्वारा निर्गत अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/2026-27 जिसका PR No. 013920(WRD) 2026-27 में आंशिक संसोधन किया जाता है, जो निम्न प्रकार हैं–

1. क्र0 सं0 20, 21 एवं 31 को विलोपित समझा जाय।
2. क्र0 सं0 01 में दर्ज कार्य के समाप्ति का समय **माह मार्च 2027 के पूर्व** के स्थान पर **माह मार्च 2027** समझा जाए।
3. जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 686 दिनांक 19.08.2014 एवं पत्रांक 200 दिनांक 14.03.2016 के अनुरूप दस्तावेज देना अनिवार्य होगा। जो निम्नवत् हैं–

(i) निम्न आशय का शपथ–पत्र (निविदा निर्गत करने की तिथि के बाद का निर्गत) अपलोड करना अनिवार्य हैं। जो इस प्रकार है–

"I the undersigned, do hereby certify that all the statement made in the required attachments are true and correct and if found fake/forged, the undersigned will be liable for infliction upon the F.I.R. and lawful punishment as well as black listing."

(ii) Availability of Key Personnel प्रमाण–पत्र / शपथ–पत्र।
(iii) Availability of key Equipment (Either owned or Leased or by Procurement) प्रमाण–पत्र।
(iv) Similar Nature of work(minimum 10% of Estimated Amount) Minimum one similar work का कार्यपालक अभियंता से निर्गत प्रमाण–पत्र।

शेष सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेगी। निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(ई0 नवल किशोर कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल,औरंगाबाद।

PR- 014444 (W R D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर संपन्न हुआ 'ग्रीन जनरेशन 2026' कार्यक्रम

गयाजी। कार्उंसिल आफ मगध वूमेन एम्पावरमेंट के तत्वावधान में शुक्रवार को मगध हायर सेकेंडरी स्कूल, गांधीजी नगर, कुजापी, गयाजी में एक दिवसीय



पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम 'ग्रीन जनरेशन 2026' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम 'छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव और हमारी पृथ्वी के प्रति हमारी जिम्मेदारी' रही। कार्यक्रमका शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथि वक्ता डा. राकेश कांत कमलने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियोंका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय , दिल्ली के स्कूल आफ एनवायरनमेंटल साइंसेजके डा. अश्विनी तिवारी, दिल्ली विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभागके सहायक प्राध्यापक डा मुकेश महतो, जेएनयू के स्कूल आफ एनवायरनमेंटल साइंसेज के सहायक प्राध्यापक डा. अमित मिश्रा तथा डा राकेश कांत कमल उपस्थित रहे।

वक्ताओंने जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी, कचरा प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयोंपर विद्यार्थियोंको उपयोगी सुझाव दिए। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवनमें छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव अपनाए, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है। कार्यक्रममें कॉमवे के अध्यक्ष नवीन रंजन एवं सचिव रिदूर मैडम की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच पोस्टर मेकिंग, माडल,एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल बचाने, पेड़ लगाने तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत कृतियों का मूल्यांकन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में वर्ग नवम की निशी कुमारी ने प्रथम, खुशी कुमारीने द्वितीय तथा ब्यूटी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं उर्जेश कुमार को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। इसके अतिरिक्त वर्ग दशम से आरती कुमारी एवं हर्ष कुमार तथा वर्ग अष्टमसे विवेक कुमार को भी उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए चयनित किया गया। सभी चयनित विद्यार्थियोंको अतिथियों द्वारा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का फलतापूर्वक संचालन विद्यालयके अंग्रेजी शिक्षक दिवेश कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालयके शिक्षक सत्येंद्र कुमार, गणेश कुमार एवं दिनु आदर्श भी उपस्थित रहे। कार्यक्रमका समापन डा. प्रवीण रंजन गाँधी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

जिला कांग्रेस कमेटी ने अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष चलाया जनसंपर्क अभियान, दिल्ली महारैली में शामिल होने का आह्वान

गयाजी। नवम्बरको दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली ''वोट बचाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ महारैली'' को लेकर गया जिला कांग्रेस कमिटीके नेताओं एवं कार्यकर्ताओंने शुक्रवार को गया समाहरणालय



के समक्ष स्थित बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने ''चलो दिल्ली, चलो दिल्ली, वोट बचाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ'' जैसे नारों के साथ गयाजी के सम्मानित नागरिकों, युवाओं, छात्रों एवं आम लोगों से दिल्ली महारैली में भाग लेने का आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झुन्ना ने की। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 01 नवम्बर को रामलीला मैदान में आयोजित होने वाला चलो दिल्ली मार्च लोकतंत्र, संविधान, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मताधिकार की रक्षा से जुड़े सवालों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का एक मंच है। कांग्रेस नेताओं ने जानकारी दी कि 31 अक्टूबर से ही गया से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों एवं बसों के माध्यम से कांग्रेसजन दिल्ली के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिठ्ठू , युगल किशोर सिंह,राम प्रमोद सिंह, विद्या शर्मा, मदीना खातून, सैफुल्ल इस्लाम,दामोदर गोस्वामी, अर्जुन गुप्ता, मोहम्मद नवाब अली, खिजीर हयात,ओंकार शक्ति, धर्मेन्द्र निराला,सुनील पासवान,सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

BIHAR RAJYA BEEJ NIGAM LIMITED
(A Govt. of Bihar Undertaking)
An IS/ISO 9001:2015; IS/ISO 14001:2015; IS/ISO 37001:2016 Certified Company
3rd Floor, Krishi Bhawan, Mithapur, Patna-800001 (BIHAR)
Telephone: 0612 2547066 website: brbn.bihar.gov.in e-mail: brbn.bih.mail@gmail.com
CIN : U01111BR1977SGC 001294

NOTICE INVITING TENDER- Processing- 01/2026-27
Through e-Procurement mode only over https://Eproc-2.bihar.gov.in/Beltron

Bihar Rajya Beej Nigam Ltd. invites under two bid systems from Reputed/Authorized Labour contractor for handling and processing of Raw seed approx 3.00 Lakh (Three lakh) Quintal annually.

1. Date of Downloading of Tender Document- **From 29.10.2026 to 20.11.2026**
2. Date of Pre-bid meeting on **05.11.2026 at 3:00 PM** (Tenderers may present in meeting for any queries/discussion at Bihar Rajya Beej Nigam Limited Patna).
3. Date of Submission/Uploading of Tender- **Upto 20.11.2026 at 3:00 PM**
4. Date & Time for opening of Technical Bid- **20.11.2026 at 5:00 PM**
5. Contact Person/Nodal Officer for queries- Name- Sri Rabindra Kumar Verma, Chief of Processing, Mob-9431266889
6. Financial Bid opening date - To be notified after technical bid.
7. Validity of Tender-01 (one) Year.
8. For details, please visit the website:- **brbn.bihar.gov.in**
9. https://state.bihar.gov.in/main/CitizenHome.html
10. **https://eproc2.bihar.gov.in**

Managing Director
Bihar Rajya Beej Nigam Ltd

PR- 014504 (B & C) 2026-27
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

भूतबंगला में तब्दील हो गया कल्याण छात्रावास

डुमरिया। प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय के प्रांगण में अवस्थित कल्याण छात्रवास महादलित बच्चों के आवासन के साथ अध्ययन ,भोजन और बिश्राम के लिए निर्माण कराया गया था।बीस साल पहले कल्याण छात्रवास के निर्माण के बाद उद्घाटन नहीं हो सका।दो मंजिला भवन में लगाए गए किवाड़, चौखट, पंखा,बिजली तार,मोटर,बल्ब सभी अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गई अब सिर्फ भवन खड़ा है।कुछ हिस्सा भवन का जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गया है।देख रेख के अभाव में भवन पुरी तरह खंडर में तब्दील होनेवाला है।सरकार के अनदेखी के कारण समस्या बिकराल हो गई।दलितों के उत्थान करनेवाली राज्य सरकार का गठन किया गया किन्तु दलितों,शोषितों और वँचितो के बिकास के लिए धरातल पर एक भी कार्य डुमरिया में धरातल पर नहीं दिखे

सीयूएसबी में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

टिकारी (आससे)। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल आफ ला एंड गवर्नेंसके इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट सेल के सहयोग से 'स्वच्छ भारत: हमारा मौलिक कर्तव्य' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताका आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंहके संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छताके प्रति जागरूकता फैलाना तथा विद्यार्थियों को अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना था।



प्रतियोगिता में कुल 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरणके महत्व को रेखांकित किया। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिताका आयोजन डा अनुराग अग्रवाल, स्कूल आफ लक्ऱएंड गवर्नेंस के संकाय समन्वयक, के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रतिष्ठित निर्णायक मंडलके सदस्योंरू प्रो. पवन कुमार मिश्रा, डा. स्वाति गुप्ता और डा अनिल कुमार द्वारा किया गया। प्रतियोगितामें विशाखा प्रथम स्थान, आयुष अमन द्वितीय एवं सूर्य प्रभा तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रमके सफल आयोजन में छात्र दल के सदस्यों हंसलता रस्तोगी, शुभांशु भारद्वाज, संजीव कुमार, मेघा, शिवम कुमार, हर्ष दीप सिंह तथा इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट सेल के अन्य सदस्यों का भी महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

समाहरणालय, सहरसा
(जिला नजारत शाखा)
बिहार सरकार
Email ID:- zilanazaratsaharsa@gmail.com
–:: अल्पकालीन निविदा ::–

श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव–2026 के आयोजन से संबंधित निविदा

दिनांक 19, 20 एवं 21 नवम्बर–2026 को राजकमल क्रीड़ा मैदान, महिषी, सहरसा में आयोजित श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव, महिषी, सहरसा के अवसर पर टेन्ट, पंडाल, शामियाना, जेनरेटर सेट एवं अन्य विद्युत सामग्रियों को भाड़े पर लेने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों के लिए इच्छुक GST/निबंधित प्रतिष्ठान एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ता से जिलाधिकारी, सहरसा को संबोधित दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित शर्तों पर दिनांक– 07.11.2026 के अपराह्न 02.00 बजे दिन तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07.11.2026 को अपराह्न 03.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोली जायेगी। निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उक्त अवसर पर अवश्य उपस्थित रहेंगें। सामग्रियों/सेवाओं का सूची निम्न प्रकार से है:–

Section- A
For logistic items/Services for cultural program & Seminar (At Mahishi village Raj Kamal playground) Date 19 to 21 Nov. 2026 (03 दिवसीय)
Section- B. (Date 19 to 21Nov. 2026)
1.विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए जिला नजारत शाखा, सहरसा/जिला के वेवसाईट https://saharsa.nic.in पर उपलब्ध है।
विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 014553 (District) 2026-27
जिलाधिकारी, सहरसा।
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

भोजपुर समाहरणालय, आरा
(जिला विधि प्रशाखा)
बिहार सरकार
आवेदन आमंत्रण सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सी0डब्लू0जे0सी0नं0–19276/2019 (क्रिमी0 मिस0 नं0–28530/2019 में पारित आदेश दिनांक–21.08.2019 से उद्धभूत) में दिनांक–15.05.2026 को पारित आदेश एवं सरकार के संयुक्त सचिव, विधि विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–5913 दिनांक–23.07.2026 के आलोक में उत्पाद न्यायालय के संचालन हेतु निजी भवन को किराये पर लेने की आवश्यकता है। मुख्य वास्तुविद, भवन निर्माण, विभाग, बिहार पटना द्वारा अनुमोदित वास्तुविदीय नक्शे के समरूप कोर्ट भवन होना ऐच्छिक है, जो निम्न प्रकार है:–

- Building Area Required - 100' x 50'
- Floor Required - G+2
- Ground Floor - Parking with Guard Room
- 1st Floor - 3BHK
  a. Hall Size- 50'X30'
  b. Room Size- 16'x16'
  c. Room Size- 30'x20'
  d. Room Size- 16'x16'
  e. Toilet (Male, Female, Transgender & PH)
- 2nd Floor - Same as 1st Floor

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
भोजपुर, आरा।
PR- 014495 (District) 2026-27
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

एससी-एसटी समेत विभिन्न धाराओं के मामले में चार प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

डुमरिया (ससू)। गया जिले के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत भदवर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मारपीट एवं अन्य गंभीर आरोपों से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए चार प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार 30 अक्टूबर को नंदई टोला देवचंडी गांवमें छापेमारी कर सभी आरोपितों को उनके घर से विधिवत गिर"तार किया।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राजेश प्रसाद, पिता बृजमोहन प्रसाद, भारती कुमारी, पति राजेश प्रसाद, अनीता कुमारी, पति सतीश प्रसाद तथाश्वेता कुमारी, पति अजीत कुमार शामिल हैं। सभी नंदई टोला देवचंडी गांव, थाना भदवर, जिला गया के निवासी हैं। पुलिस ने सभी आरोपितों को उनके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद मामले में आगे की कानूनी प्रक्रियाकी जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्रमें चर्चा का माहौल है। वहीं, पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। अभियुक्तों को आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

बारिश ने किसानों की तोड़ी कमर, धान और आलू की फसल पर संकट

इमामगंज (संसू)। प्रखंड क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है । बेमौसम बारिश से सबसे अधिक नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। खेतों में लगी धान की फसल तेज हवा और बारिश के कारण जमीन पर गिर गई है।

वहीं आलू की फसल लगा चुके किसानों के खेतों में पानी जमा होने से बीज सड़ने का खतरा बढ़ गया है। सब्जियों की फसल पर भी बारिश का प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। किसान अनिल रविदास और राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। धान की फसल गिरने से पैदावार प्रभावित होने की आशंका है। वहीं आलू की खेती में लगी पूंजी डूबने का डर सता रहा है।

पहले से ही खेती की लागत और महंगाई से परेशान किसानों के सामने अब आर्थिक संकट गहराने लगा है। यदि फसल बर्बाद हुई तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी सूर्य कुमार राम ने बताया कि सभी कोआर्डिनेटर और किसान सलाहकारों को निर्देश दिया गया है कि बारिश से प्रभावित फसलों का आकलन कर शनिवार तक कार्यालय में रिपोर्ट सौंपे। रिपोर्ट मिलने के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जेसीबी समेत चार ट्रक जब्त एक गिरफ्तार

बाराचट्टी ग्रामिण/मोहनपुर (आससे)। बाराचट्टी थाना क्षेत्र के भालुआ पंचायत अंतर्गत चौथिया में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार देर शाम की गई छापेमारी के दौरान पुलिसने एक युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं मौके से एक जेसीबी मशीन और चार ट्रकों को भी जब्त किया गया है।

इस संबंध में बाराचट्टी थानाध्यक्ष अमरेन्द्र किशोर ने शुक्रवार शाम चार बजे जानकारी देते हुए बताया कि चौथिया में अवैध रूप से कोयले का भंडारण और खनन किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की। इस दौरान अवैध कोयला कारोबार में संलिप्तता के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक डोभी थाना क्षेत्र के अरवा दोहर गांव का रहने वाला बताया गया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक जेसीबी मशीन और चार ट्रकों को भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया कि इस मामले में माइनिंग विभाग के द्वारा एफआईआर की गई है, मामलेमें पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

बिहार सरकार
कार्यालय का नाम– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, चौसा।
निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
NIT No- 05/2026-27
निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)
मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से 70.00 लाख तक की राशि के कार्यो के लिए (डबल बीड पद्धति)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, चौसा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक– 26/10/2026
3. संवेदक द्वारा निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि – दिनांक– 08/11/2026 को समय –11:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान – दिनांक– 12/11/2026 को समय –11:00 से 14:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न, सभाकक्ष, नगर पंचायत, चौसा।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि – दिनांक– 17/11/2026 समय– 05:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि – दिनांक– 19/11/2026 समय– 03:00 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि – तकनीकी बीड में सफल होने के उपरांत
8. **कार्य की विवरणी–**

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website: - www. Eproc2. bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website: - www.Eproc2. bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नगर पंचायत चौसा अन्तर्गत (1) बक्सर–सासाराम मुख्य पथ से मेराज रजक के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण कार्य (2) बक्सर–सासाराम मुख्य पथ से मेराज रजक के घर होते हुए संतोष माली के घर तक आर0सी0सी0 नाली सह स्लैब निर्माण कार्य।	29,37,900.00	58,800.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month
2	नगर पंचायत चौसा कार्यालय के सामने बक्सर चौसा मार्ग पर सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य।	49,46,600.00	93,000.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month
3	नगर पंचायत चौसा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड सं0–14 में न्यायीपुर में बैजनाथ राम के घर से मीरा देवी, चन्द्रमा राम के घर से गाँधी राम के घर होते हुए जर्नार्दन राम के घर तक, रामजस राम के घर से बेचु राम, व्यास जी राम, मुनी राम के घर होते हुए सनोज गोड़ के घर तक एवं अमीरचन्द अरुण मास्टर के घर तक एवं अन्य गलियों का नाली एवं पी0सी0सी0 निर्माण कार्य।	46,35,900.00	92,800.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in
09. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **state.bihar.gov.in/prdbihar** मे देखा जा सकता है।

PR- 014462 (B & C) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, चौसा।